वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

वाराणसी विकास प्राधिकरण का मासिक प्राधिकरण दिवस कल- आम जन मानस द्वारा विभिन्न समूह आवास एवं निर्माताओं से खरीदे गए भवनों एवं सम्पत्तियों के संबंध में आ रही कठिनाइयो एवं शिकायतों के निस्तारण पर रहेगा विशेष बल

वाराणसी विकास प्राधिकरण में माह के प्रत्येक द्वितीय बुधवार को प्राधिकरण दिवस का आयोजन किया जाता है। प्राधिकरण दिवस आयोजन का उद्देश्य जन सामान्य की लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करना है।

इस माह द्वितीय बुधवार दिनांक 08.01.2020 को प्रातः 10 बजे से आहूत प्राधिकरण दिवस पर विशेष प्रयास प्राधिकरण में आम जन मानस द्वारा विभिन्न समूह आवास एवं निर्माताओं से खरीदे गए भवनों एवं सम्पत्तियों के संबंध में आ रही कठिनाइयों एवं आमजनमानस की शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक प्रयास एवं कार्यवाही के लिए किया जा रहा है।

जनसामान्य से अपील है कि उपरोक्त संदर्भ में समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं अभिलेखों के साथ नियत दिवस एवं समय पर प्राधिकरण में उपस्थित हो इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठायें। इस संबंध में समस्त संबन्धित को पूर्व सूचना भी प्रेषित की जा रही है।

Scanned by CamScanner